प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

भारत का घरेलू कोयला भण्डार इस वर्ष 26 प्रतिशत बढकर 14 करोड़ नब्बे लाख टन हो गया है। कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अप्रैल महीने में देश का कोयला उत्पादन सात दशमलव तीन–एक प्रतिशत बढा। श्री जोशी ने कहा कि कोयला आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति प्रति वर्ष पांच दशमलव चार–तीन प्रतिशत की दर से बढी है। उन्होंने कहा कि देश कोयले की मांग को पूरा करने की स्थिति में है।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ आंधी, बारिश और कहीं–कहीं बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आंधी बारिश की गतिविधियां कल से कम होंगी। बीकानेर, उदयपुर और कोटा संभाग में दोपहर बाद कहीं–कहीं बादल गरजने के आसार है। जोधपुर और बीकानेर संभाग में कल और परसों अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज होने और हीटवेव चलने की संभावना है। 16 मई से राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा तथा तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 17 और 18 मई को पश्चिमी राजस्थान में तेज लू चलने के आसार है। इस बीच कल विभिन्न स्थानों पर आंधी चली और बारिश हुई। कहीं–कहीं ओले भी गिरे। बांसवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां तेज बारिश हुई। इस कारण कई स्थानों पर टीन टप्पर उड़ गये और बिजली के खम्भे भी गिर गये। इससे मुख्य सड़कों पर आवागमन बाधित रहा तथा बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

0000

झुंझुनूं के सूरजगढ़ के पास रामरख की ढाणी के रहने वाले सेना के जवान नंदूसिंह शेखावत का आज उनके पैतृक गांव में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि नंदूसिंह लेह लद्दाख में आर्मी के गोला बारूद डिपो में ट्रैड्समैन मेट के पद पर कार्यरत थे।

आठ मई को डिपो में ड्यूटी के समय एक बम फटने से वे घायल हो गए थे, उन्हें पहले लेह लद्दाख के ही आर्मी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई में रैफर कर दिया गया। जहां पर कल ईलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

0000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी के प्रवेश पत्र जारी कर दिये हैं। यह परीक्षा कल से 18 मई तक 379 शहरों में आयोजित की जायेगी। उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

0000

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा –यूजीसी नेट के आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी अब कल तक आवेदन कर सकेंगे। जूनियर रिसर्च फैलोशिप और असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता के लिए देश भर में आयोजित होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा के लिये आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया है। इससे पहले अंतिम तारीख 10 मई थी। यह परीक्षा 18 जून को होगी। परीक्षा निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से कल रात 11 बजकर 59 मिनिट तक आवेदन कर सकते हैं।

0000

रेंज आईजी अजय पाल लांबा आज एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने भीलवाड़ा एसपी ऑफिस के सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आईजी ने जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत को डीजी डिस्क से सम्मानित भी किया।

0000

डूंगरपुर के सागवाड़ा जिला अस्पताल में आज सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर संभागीय आयुक्त नीरज के पवन के नेतृत्व में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों ओर कर्मचारियों ने रक्तदान किया। संभागीय आयुक्त ने मौके पर मौजूद रक्तदाताओं से बात कर उन्हें रक्तदान के महत्व के बारे में समझाया

0000

भरतपुर के मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें 51 विद्यार्थियों ने भाग लिया । विद्यार्थियों ने अपने विभिन्न प्रोजेक्टों का प्रदर्शन किया । इस दौरान छात्रा सोनिया ने स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। इसके अलावा अन्य छात्र छात्राओं ने भी अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

0000